Title: Regarding need to rehabilitate jhuggi dwellers of Delhi around the city - Laid.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : महोदय, दिल्ली के विभिन्न भागों से झुग्गी-बस्तियों को उठा कर नरेला विधान सभा क्षेत्र के टीकरी खुर्द गांव, गौतम कालोनी तथा भलस्वा में बसाया जा रहा है जिससे यहां के निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इनके यहां बसने से व तो गांव वालों को फायदा होगा और न ही झुग्गी वालों को, क्योंकि यहां कोई रोजगार नहीं है और न ही इनके लिए यहां बिजली व पीने के पानी की उचित व्यवस्था है। इससे अच्छा तो यह होता कि इन झुग्गी वालों को शहर के पास ही किसी जगह पर जगह विकसित कर बसाया जाता जिससे इन्हें दूर न जाना पड़ता और कामधंधा भी उपलब्ध हो जाता क्योकि जिस जमीन पर इन्हें बसाया जा रहा है, वह पार्क, स्कूल व अस्पताल बनाने के लिए सुरक्षित थी। इन झुग्गियों के बसने से यहां के लोग इन नागरिक सुविधाओं से वंचित रह जाएंगे।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इन झुग्गी बस्तियों को नरेला विधान सभा क्षेत्र के देहाती क्षेत्रों में न बसाकर इन्हें शहर के पास ही जगह विकसित कर बसाया जाए।

* Treated as laid on the Table of the House